# 7.3 Institutional Distinctiveness
# Social Responsibility and Commitment

## Clean environment is essential for good health

Oath of service to Nature – keep environment pollution free – lesson from ancient text.

2018: In the adopted village *Hinauti Sarak*, students of Hamidia College organise ‘cleanliness fair’ and involve school going children to elders alike through street play, folk songs and dance, wall painting, etc. Also helped villagers in preparing projects for installing biogas plants



6

भोपाल || शुक्रवार 11 मई 2018

दैनिक सच एक्सप्रेस

सत्यम् सदैव सुन्दम्...

### हमीदिया कॉलेज ने ग्राम हिनौती सड़क को लिया गोद

सच प्रतिनिधि || भोपाल

स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप-2018 के अंतर्गत मप्र के समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्रों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान गांवों में स्वच्छता से जुड़े कार्यों में जोड़ने व स्वच्छता अभियान में महत्वपूण भूमिका के निर्वहन के लिए सचिव मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय भारत सरकार से निर्देश प्राप्त हुए हैं।

स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 31 जुलाई तक की अवधि तक रहेगा। महाविद्यालय और छात्र मिलकर एक गांव का चयन करेंगे, जिसमें 100 घंटे की कार्य योजना तैयार कर स्वच्छता संबंधी कार्य करेंगे, प्राचार्य डॉ. सुधीर त्रिवेदी ने बताया कि शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम हिनौती सड़क, जिला भोपाल गोद लिया गया है, जिसमें छात्र अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएंगे।

कार्य के मूल्यांकन के बाद छात्रों के लिए 2 क्रेडिट अंक का भी प्रावधान किया गया है, इसके साथ ही एक प्रमाण पत्र और उत्कृष्ट कार्य करने पर विवि स्तर पर, राज्य स्तर पर एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस आयोजन में नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ. आरपी शाक्य, स्वयंसेवक शुभम चौहान, राहुल तिवारी और आशुतोष मालवीय सहित स्वयंसेवक अभियान में सक्रिय सहभागिता करेंगे।

#### इन गतिविधियों से करेंगे जागरूक

1 नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना।
2 स्वच्छता मेले स्वच्छता गीत एवं नृत्य के आयोजन द्वारा ग्रामीण जनों में सकारात्मक माहौल बनाना।
3 गांव में स्वच्छता रैली आयोजित करना।
4 बायोगैस संयंत्र की स्थापना के लिए पंचायतों की योजना तैयार करने में मदद करना।
5 दीवारों पर वॉल पेंटिंग, सार्वजनिक स्थल पर लोगों को एकत्रित कर स्वच्छता मूवी दिखाना।



आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय

दैनिक भास्कर

कुल पेज * 32/32 डीबी स्टार या DBPOST के साथ, मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष 72, अंक 179, महानगर

भोपाल, मंगलवार 14 नवंबर, 2017 मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष- 11, 2074

### हमारे भारतीय दर्शन ज्ञान से ही संभव है पर्यावरण का संरक्षण

हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हुआ पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम

College Event

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

भारतीय दर्शन ज्ञान के आधार पर ही पर्यावरण संरक्षण संभव है और प्रदूषण से मुक्ति पाई जा सकती है। यह बात शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता कनिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने कही।

उन्होंने स्टूडेंट्स से पर्यावरण संरक्षण के वैज्ञानिक व भारतीय पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने कहा कि वेदों से लेकर उपनिषद तक सूर्य, जल, नदी, वायु, भूमि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई है। यही कारण है कि भारत में नदियों की पूजा की जाती है और सूर्य को देवता का दर्जा दिया जाता है। कार्यक्रम में राशियों जिला संगठक डॉक्टर आर एस नरवरिया डॉ. आर पी सिंह के नए छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शुभम चौहान ने किया। इस मौके पर अंकुर गुप्ता, उमेश पंसारी, कृष्णा यादव, भवानी ठाकुर, अखिलेश पटेल, हर्ष कल्याणे, कुलदीप सिंह समेत सभी मौजूदजनों ने पर्यावरण को प्रदूषित न करने की शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम के अंत में सभी ले मिलकर पर्यावरण प्रदूषण न करने की शपथ ली।





haribhoomi.com

भोपाल हरिभूमि 12

**एनएसएस वॉलंटियर्स ने चलाया स्वच्छता अभियान, पढ़ीं पुस्तकें**

## काम न चलता बातों से, अब काम करना होगा दोनों हाथों से...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती वर्ष पर 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 से अधिक वॉलंटियर्स ने गाजर घास उन्मूलन, क्यारी निर्माण और पॉलीथीन मुक्त परिसर के लिए सैकड़ों हाथों ने श्रमदान किया। 'छात्रों ने काम न चलता बातों से, काम करो दोनो हाथों से' जैसे प्रेरक नारे एवं 'नौजवान आओ रे, नौजवान गाओ रे' गीत गाते हुए प्रसन्नता के साथ श्रमदान किया।

**प्रिय प्रसंग व संस्मरण किए साझा**

वॉलंटियर्स ने श्रमदान के बाद 'पढ़ें भोपाल' के अंतर्गत अपनी-अपनी प्रिय पुस्तकों के प्रसंग एवं संस्मरण साझा किए। वॉलंटियर लकी ने अमृतलाल बेगड़ द्वारा लिखित यात्रा वृतांत सौंदर्य की नदी नर्मदा, अंकित माथनकर ने अग्नि की उड़ान और आदित्य तिवारी ने सत्य के प्रयोग के अनुभव सुनाए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार, जिला संगठक डॉ. आरएस नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी शाक्य सहित शुभम चौहान, राहुल तिवारी, दानिश खान उपस्थित रहे।

भोजपाल

स्वदेश भोपाल, 10 अक्टूबर 2018 . 3

**हमीदिया कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान, पढ़ी पुस्तकें**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150वीं जयंती वर्ष पर स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 से अधिक वालेंटियर्स ने गाजर घास उन्मूलन,क्यारी निर्माण तथा पालीथीन मुक्त परिसर के लिए सैकड़ों हाथों ने श्रमदान किया। छात्रों ने काम न चलता बातों से,काम करो दोनो हाथों से जैसे प्रेरक नारे एवं नौजवान आओ रे, नौजवान गाओ रे गीत गाते हुए प्रसन्नता के साथ श्रमदान किया। वालेंटियर्स ने श्रमदान के बाद पढ़ें भोपाल के अन्तर्गत अपनी- अपनी प्रिय पुस्तकों के प्रसंग एवं संस्मरण सांझा किए। वालेंटियर्स लकी ने अमृतलाल बेगड़ द्वारा लिखित यात्रा वृतांत सौंदर्य की नदी नर्मदा, अंकित माथनकर ने अग्नि की उड़ान तथा आदित्य तिवारी ने सत्य के प्रयोग के अनुभव सुनाए।

October 2018

Adopted village-Kodian

**Clean environment for better health**

Hamidia students adopt another village Kodiyan and further their mission of spreading awareness about cleanliness through rally, slogans, uprooting weeds like *Parthenium*, collecting polythene from trash and so on.

# Proud moment

2018

The grou p of interns
lead by Hamidia College student
bags First prize, cash award of Rs
50,000 and citation from Ministry of
HRD Govt of India, for their role in
cleanliness drive during summer
internship

भोजपाल

स्वदेश भोपाल, 27 जून 2018 . 2

## गांवों में चला रहे स्वच्छता अभियान

« स्वदेश संवाददाता। भोपाल




शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के तहत एनएसएस वालंटियर्स गांवों को गोद लेकर लगातार गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं हमीदिया कालेज के छात्रों ने ग्राम हिनोति सड़क में हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, ओडीएफ जागरूकता के लिए नारालेखन, परिचर्चा,डोर टू डोर सर्वेक्षण किया। वालेंटियर्स ग्राम में पौध-रोपण कर एक वाटिका के निर्माण में भी सहयोग कर रहे हैं जिससे क्यारी बनाकर छायादार एवं फलदार पौधे रोपित करेंगे ?। छात्रों के द्वारा 31 जुलाई 2018 तक सौ घंटे श्रमदान करने के पश्चात मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा दो क्रेडिट पॉइंट एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच श्री नागर, जिला संगठक डॉ. आर एस एस नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर पी शाक्य सहित शुभम चौहान, राहुल तिवारी, गब्बर सिंह, दानिश, कुलदीप, टीकाराम, अंकुर, विनोद,हर्ष एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

राष्ट्रीय सेवा योजना

क्रमांक / 256 / रासेयो / 2018 — भोपाल, दिनांक 29.12..2018

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय कला एवं वाणिज्य हमीदिया महाविद्यालय
भोपाल

विषयः– "स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यकम 2018" में श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर पुरस्कृत करने के सम्बंध में

संदर्भ :– मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार का अर्द्धशासकीय पत्र क. 11014 / 02 / 2018 ई बीएसबी दि. 18 जुलाई 2018 एवं 12.10.2018 म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल का पत्र क. 397 / 162 / एनएसएस / 18 / अड़तीस, भोपाल दि. 13 / 08 / 2018 एवं 561 / 222 / एनएसएस / 18 / अड़तीस भोपाल दि. 18 / 10 / 2018

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के अनुपालन में अवगत कराना है कि भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यकम" का शुभारम्भ किया गया था ।

हर्ष का विषय है कि आपकी संस्था के श्री अंकुर गुप्ता समूह को विश्वविद्यालय स्तर पर चयन के उपरान्त मध्यप्रदेश राज्य की ओर से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । आपकी संस्था व अंकुर गुप्ता समूह को बधाई,

कृपयः दल प्रभारी अंकर गुप्ता का बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड एवं पूरे समूह का नाम पता मोबाइल नम्बर सहित विवरण यथाशीघ्र भेजने हेतु सम्बंधित प्रभारी को निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि पुरस्कार राशि 50,000 रू. व प्रमाण पत्र भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय से प्राप्त किये जा सकें । पुनः बधाई ।

डा. अनन्त कुमार सक्सेना
कार्यक्रम समन्वयक रासेयो / नाडल अधिकारी
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रतिलिपि
1. निज सचिव के माध्यम से कुलपति जी को सूचनार्थ ।
2. निज सचिव के माध्यम से कुलसचिव जी को सूचनार्थ ।

कार्यक्रम समन्वयक रासेयो

**चलो वोट करें!** नवदुनिया

# छोड़कर घर के सारे झमेले मतदान करेंगे सबसे पहले

भोपाल। नवदुनिया रिपोर्टर

लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए विद्यार्थी भी सहभागी बन रहे हैं। 'छोड़कर घर के सारे झमेले, चलों मतदात करें सबसे पहले तथा 'घर में शादी या लगा हो टेंट, इस बार मतदान करेंगे सौ परसेंट' जैसे स्लोगन के साथ युवाओं ने शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में मंगलवार को मानव शृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। रासेयो द्वारा स्वीप प्लान अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान के लिए छात्रों ने हस्ताक्षर एवं संकल्प पत्र अभियान व 'सुशासन के लिए नैतिक मतदान' विषय पर परिचर्चा की। परिचर्चा में प्राचार्य डॉ.पीके जैन, जिला संगठक डॉ. आरएस नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आरपी शाक्य, डॉ.सुरेंद्र यादव, शुभम चौहान, राहुल तिवारी, आशुतोष मालवीय आदि मौजूद थे।



हमीदिया कला व वाणिज्य महाविद्यालय के छात्रों व प्रोफेसर्स ने मानव मानव शृंखला बनाकर मतदान का प्रेरक संदेश दिया।

**नवभारत** भोपाल, शुक्रवार, 31 अगस्त, 2018



# मतदाता सूची में ऑनलाइन नाम जुड़वाना आसान

**भोपाल, 30 अगस्त. शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में स्वीप प्लान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नए प्रवेशित छात्रों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया.**

उनको निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भरने व मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर एस नरवरिया ने छात्रों को बताया कि ऑफलाइन फॉर्म भरने में कई बार त्रुटियां हो जाती हैं लेकिन ऑनलाइन आवेदन से नाम जुड़वाना और सरल है. 18 वर्ष की उम्र होने वाले छात्रों को कैंपस एंबेसडर द्वारा वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है . अभियान में प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार त्रिवेदी, कैंपस एम्बेसडर शुभम चौहान, राहुल तिवारी ने जानकारी प्रदान की.

# Exercise of political franchise is the basis of democracy

Hamidia students give a call for exercising one's voting right, through rally and slogans in voters' awareness campaign. The college is duly felicitated by the district electoral officer, Bhopal for furthering SVEEP objective

Electoral Literacy Stronger Democracy

मध्यप्रदेश शासन

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस - 2020

## प्रशस्ति-पत्र

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, भोपाल

**10वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2020**
**के अवसर पर**

मध्यप्रदेश लोकसभा निर्वाचन 2019 में उत्कृष्ट कार्य हेतु
**श्री पी.के. जैन**
प्राचार्य शास कला एवं वाणिज्य हमीदिया महा., भोपाल
स्वीप गतिविधि
कार्य हेतु
प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

25 जनवरी, 2020
भोपाल

(तरुण कुमार पिथोड़े)
कलेक्टर एवं
जिला निर्वाचन अधिकारी
भोपाल, मध्यप्रदेश



भोपाल, शुक्रवार 16 नवंबर 2018

haribhoomi.com

Call us on 0755-4049923 Message at 9827247716

Email id-vedkumarmaurya@gmail.com

हरिभूमि 14 15

# पोस्टर से किया मतदाताओं को किया जागरूक

## हमीदिया महाविद्यालय में रन फॉर डेमोक्रेसी के अंतर्गत आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

17 नवंबर को आयोजित होने वाली रन फॉर डेमोक्रेसी के अंतर्गत शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में छात्रों को रजिस्ट्रेशन कराने और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा परिसर एवं आसपास के घरों में एनएसएस वॉलिंटियर्स ने रन फॉर डेमोक्रेसी में सहभागिता के लिए अपील की।

**युवाओं ने वोट डालने की ली शपथ**

'जिद करो वोट करो' के अंतर्गत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और कैंपस में हस्ताक्षर अभियान चलाया, जिसमें सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने सहभागिता की। विधानसभा निर्वाचन 2018 के तहत युवाओं की सक्रियता सहभागिता एवं अधिक से अधिक संख्या में सभी युवा वोट करें इसके लिए शपथ ली। चित्रकला विभाग के सहयोग से स्वीप प्लान के अंतर्गत पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. पीके जैन, डॉ. सुधीर त्रिवेदी एवं नोडल अधिकारी डॉ. आरएस नरवरिया, मास्टर ट्रेनर डॉ. आरपी शाक्य, विभागाध्यक्ष चित्रकला डॉ. आलोक भावसार सहित अधिक संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

**62nd Foundation Day of the State of MP**

1/11/2018

Celebrated as 'Festival of Democracy' by Hamidians. Attractive slogans were raised in a rally in Bhoipura and Kaali Mandir areas, followed by Nukkad natak and encouragement to physically challenged for exercising their right to vote



सत्ता भोपाल सुधार 09

भोपाल, शुक्रवार, 02 नवंबर 2018

# फेस्टिवल ऑफ डेमोक्रेसी के तहत नुक्कड़ नाटक एवं रैली का आयोजन

'दारू से ना नोट से, देश बदलेगा वोट से' 'घर में हो शादी या लगा हो टेंट, इस बार मतदान करेंगे सौ परसेंट' जैसे वाक्यों ने लोगों को किया जागरूक

सत्ता सुधार|भोपाल

मप्र के 62 वां स्थापना दिवस पर हमीदिया कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत प्रदेशभर में चल रहे 'फेस्टिवल ऑफ डेमोक्रेसी 2018' के अंतर्गत एनएसएस वॉलिंटियर्स द्वारा हमीदिया कॉलेज से भोईपुरा बस्ती,काली मंदिर तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसके उपरांत बस्ती में ही मंदिर के समीप नुक्कड़ नाटक किया गया । नाटक के माध्यम से वालेंटियर्स ने 'दारू से ना नोट से, देश बदलेगा वोट से' 'घर में हो शादी या लगा हो टेंट,इस बार मतदान करेंगे सौ परसेंट' जैसे नारों के माध्यम से मतदाताओं को उनके वोट का महत्व बताया।

**प्रेरक स्लोगन से किया बुजुर्ग एवं दिव्यांग को प्रेरित :** इसके साथ ही नैतिक मतदान तथा अपना प्रत्याशी कैसे चुने इसकी जानकारी दी गई। दादा हाथ पकड़ कर ले चलूंगा बूथ पर, लोकतंत्र की जिम्मेदारी है हम यूथ पर जैसे प्रेरक स्लोगन के साथ बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

Hamidia Students prepare posters for 'Run for Democracy' scheduled on 17 Nov 2016

Hamidia students gear up to fulfil their social and democratic responsibility towards common citizen by starting awareness drive; helping administration to **upgrade electoral rolls**






नव भारत

भोपाल | मंगलवार | 10 जनवरी, 2017 | वर्ष 65 | अंक 329 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 2.50 | www.navabharat.net

## मजबूत लोकतंत्र में युवा एवं भावी मतदाता की भूमिका अहम

भोपाल, 9 जनवरी. शासकीय हमीदिया महाविद्यालय भोपाल में मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सातवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

इसमें 8 महाविद्यालयों के लगभग 60 प्रतिभागियों ने निबंध, वाद-विवाद, स्लोगन तथा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया. वाद-विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम स्थान शुभम चौहान का रहा तथा विपक्ष में प्रथम स्थान गब्बर सिंह का रहा. चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम विजय गहरवार रहे.

नारा लेखन में अतुल सिंह राजावत प्रथम रहे. निबंध प्रतियोगिता का विषय मजबूत

की भूमिका तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय इस सदन की राय में युवा एवं भावी मतदाता प्रजातंत्र की रीढ़ है और चित्रकला प्रतियोगिता का विषय ई.वी.एम. एवं मतदान केंद्र रहा तथा युवा

### नारा लेखन में अतुल सिंह राजावत प्रथम

स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुई. आज की भूमिका डॉ. मीता वर्मा, डॉ. विकास जाउलकर, डॉ. उषा शर्मा ने तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. आर.एस. नरवरिया ने किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.

**7th National Voters Day**

Students participate in essay and slogan writing, debate and painting to generate ideas for spreading voters' awareness

**Readiness for Disaster**

Students learn about necessary precautions and easy-to-do skills to follow in adverse situation of a disaster in order to help self and others



नवभारत भोपाल, बुधवार, 18 अप्रैल, 2018

2 भोपाल, बुधवार, 18 अप्रैल, 2018

## आपदा के समय जागरुकता से बच सकती है जान

**भोपाल, 17 अप्रैल. शा हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय में अग्निरोधक दिवस के उपलक्ष में फायर सेफ्टी, डिजास्टर मैनेजमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया.**

पिछले 10 सालों में 2 लाख 20 हजार लोग आग से जलकर असमय ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं, तथा हर रोज लगभग 48 लोग आज भी भारत में आग की चपेट में आकर मर जाते हैं, दुर्घटनाओं से बच सकते हैं, अगर लोगों को आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण बड़े स्तर पर दिया जाए यह बात अग्निरोधक विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट

**हमीदिया कॉलेज में डिजास्टर मैनेजमेंट प्रशिक्षण आयोजित**

कर्नल देशपांडे ने अग्निरोधक दिवस के उपलक्ष में आयोजित अग्निरोधक एवं आपदा प्रबंधन कार्यक्रम में कहीं पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से आग पर काबू पाने की बारीकियां सिखाई साथ ही डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से प्रैक्टिकल करके भी दिखाया गया कार्यक्रम में जिला होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस डिपार्टमेंट प्लाटून कमांडर अभिरुचि गौर एवं प्लाटून कमांडर कविता सोलंकी तथा राम कैलाश उपाध्याय एवं टीम व महाविद्यालय के प्राचार्य डा.पीके जैन एवं रासेयो जिला संगठक डा.आर एस नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉआरपी शाक्य रहे.











# Digital India

Principal joins the 'Digital India' drive as students take out rally to spread the message for cashless banking and explain its benefits to the common people. They also learn several technical issues in the process. SBI pitches in with 'Campus to Community' approach









**Care for Nature, Compassion for the living beings**

Summers are harsh on everything. Understanding that water becomes scarce during hot season, students, under the aegis of NSS, mounted 50 earthen pots in tall trees of the college campus to provide water for birds



# एनएसएस के वर्कस ने लगाए पक्षियों के लिए सकोरे




## हमीदिया कालेज राष्ट्रीय सेवा योजना की एक पहल

यंग रिपोर्टर • आईएम भोपाल
iambhopalofficial@gmail.com

'मेरे मटमैले आंगन में फुदक रही थी गौरैया' इस कविता को जब हम बचपन में पढ़ते थे तो मन में एक सवाल आता था कि गोरिया मेरे आंगन में फुदकती रहे, लेकिन वर्तमान समय में जहां पक्षियों की संख्या दिन पर दिन कम हो रही है और भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत मंगलवार सुबह हमीदिया कॉलेज के स्टूडेंट्स ने पक्षियों के लिए पेड़ों पर सकोरे बांधे और उनमें दाने रखने का भी प्रबंध किया। हमीदिया कॉलेज में चारों तरफ पेड़ होने के कारण यहां पर बैठने वाले पक्षियों की संख्या हजारों में रहती है इसी को देखते हुए छात्रों ने करीब 50 पेड़ों पर सकोरे बांधे। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. पीके जैन के साथ डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ. आरपी शाक्य, डॉ. प्रभा भट्ट, सहित कई स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

## Dialogue on Social Media in *Yuva Samvaad*

Acknowledging the fact that too much indulgence on social media leads to wastage of time and corruption of mind, students discussed to filter irrelevant material, take out only useful content and make better use of the resource



हमीदिया कॉलेज में युवा संवाद में वक्ता ने कहा-

# सोशल मीडिया के जोक्स पढ़कर सफल नहीं हो सकते

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर

फिर जो जरूरी सूचना हो उसी को पढ़ें। जोक्स पढ़कर आप अपना भविष्य सफलता के शिखर पर नहीं पहुंचा सकते। साथ ही उन्होंने कहा कि वैचारिक स्तर को सुधारने के लिए

## COVID 19 Pandemic and The Youth

- Hamidia College students become the messenger of care and health in Bhopal city. During lockdown due to COVID, they came out to assist Police, did street plays, played ‘Yamraj’ to warn those not adhering to necessary precaution and protection measures, spread awareness about the deadly infection




**Hamidia youth against child trafficking**

With UNICEF and Awaaz

August 2019

To spread social awareness about the curse of child labour, child trafficking, exploitation, child marriage, etc, Hamidia college students took part in an event jointly held with UN agency and NGO Awaaz. They made colourful posters with apt messages under the guidance of the Head, Drawing & Painting Dept.


दैनिक भास्कर | 02-Aug-2019 null Page 2

सिटी ACTIVITY

**पोस्टर में बाल अपराध की भयावहता**

सिटी रिपोर्टर| शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में सेफ सिटी यूथ फैलोशिप के तहत गुरुवार को स्टूडेंट्स के लिए पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटीशन का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें छात्र विकास जाटव ने अपने पोस्टर में एक बच्ची का मुंह बंद किए हाथों से बाल अपराधों की भयावहता दिखाई। यहां छात्रों ने बाल अपराध जैसी गंभीर समस्या को पोस्टर में उकेरा। प्रतियोगिता में बाल संरक्षण पर प्रतिभागी स्टूडेंट्स ने 18 से अधिक चित्र बनाए। यह प्रतियोगिता आवाज संस्था और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में हुई।


हमीदिया कॉलेज में पोस्टर कॉम्पीटिशन का आयोजन

**बच्चों की तस्करी, मजदूरी, विवाह और शोषण को लेकर यूथ ने बनाए पोस्टर**

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

भोपाल ◆ शासकीय हमीदिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय में पोस्टर कॉम्पीटिशन का आयोजन किया। इसमें लगभग 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने बाल संरक्षण जैसे गंभीर समस्या को रंगों के जरिए समाज के सामने लाने का प्रयास किया। सेफ सिटी यूथ फैलो अनुभा मानिकपुरी ने बताया कि कॉम्पीटिशन में बाल लैंगिक शोषण, बाल विवाह, बाल मजदूरी जैसे मुद्दों पर स्टूडेंट्स ने पोस्टर तैयार कर समाज की विभिन्न समस्याओं को उठाया। यह समस्याएं समाज से खत्म होनी चाहिए। बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर कॉम्पीटिशन किया गया। यह आयोजन आवाज संस्था और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

**झलकी पीड़ा**

शिवली राजपूत ने बाल तस्करी को, भुवनेश दुबे ने बाल मजदूरी को रेखांकित किया। प्रदीप कुमार ने बाल लैंगिक शोषण को जबकि प्रियंका सिंघल ने बाल अधिकार को अपनी चिंता में शामिल किया। इस मौके पर हमीदिया महाविद्यालय के प्राचार्य पीके जैन, चित्रकला विभाग के प्रो. आलोक भावसार व रेखा धीमान के साथ-साथ आवाज संस्था के गौरव म्हसे और सुभाष गर्ग ने भी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

Students attended webinar on 'Only a sensitive society can prevent child labour' Speaker was Ex. Director, State Commission for Protection of Child Rights (April 2020)

**Summer Internship in Adopted Village**

Students launch major social awareness drive during internship camp with ‘*Shramdaan*’; focus is on making village clean, green and ODF compliant. They demonstrate right way of washing hands for personal hygiene, especially to children, ladies and young people




# यूजीसी देगा सौ घंटे श्रमदान पर दो क्रेडिट पॉइंट...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय सेवा योजना हमीदिया कॉलेज द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के तहत एनएसएस वालंटियर्स गांवों को गोद लेकर लगातार गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं।

हमीदिया कॉलेज के छात्रों ने ग्राम हिनोति सड़क में हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, ओडीएफ जागरूकता के लिए नारा लेखन, परिचर्चा, डोर टू डोर सर्वेक्षण किया। वालेंटियर्स ग्राम में पौध-रोपण कर एक वाटिका के निर्माण में भी सहयोग कर रहे हैं।छात्रों के द्वारा 31 जुलाई तक सौ घंटे श्रमदान करने के

**हमीदिया कॉलेज के छात्र ग्रामीण लोगों को कर रहे जागरूक**



बाद मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा दो क्रेडिट पॉइंट एवं सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।








BHOPAL WEDNESDAY, 11/07/2018

# इंटर्नशिपः गांव जाकर स्टूडेंट्स ने बताया पौधों का महत्व

## हमीदिया कॉलेज के स्टूडेंट्स पहुंचे हिनोतिया गांव




## Summer Internship (more activities)

Students persuade villagers to build toilets and demonstrate how to keep them clean. Administer oath of conservation, care for fruit-bearing and shade-bearing trees emphasized

**Students launch major social awareness drive in summer internship.** NSS students at ‘Hinauti Sadak’ Personal hygiene lesson to school children – Correct way to wash hands was demonstrated to school children. They were told about the health problems and diseases that spread when eating with dirty hands or not maintaining personal hygiene.




**Oath for Conserving forest**

Village elders, ladies, and youth, took oath for conserving environment and protecting trees and conveyed appropriate message through slogans, like - *“sukhi dharti kare pukar, vriksh laga kar karo shringar”* and *“Ek vriksh sou putra saman”*



**Students campaign to help flood victims** The college students conducted a three-day cash donation campaign through NSS, for assistance to the flood victims of Kerala during August 2019

2 भोपाल, शुक्रवार, 24 अगस्त, 2018 भोपाल



सहायता राशि एकत्रित करते हमीदिया कॉलेज के छात्र.



सहायता राशि एकत्रित करते एबीवीपी छात्रसंघ के सदस्य.

# बाढ़ प्रभावितों के लिए मांगी सहायता

## गुरुवार को हमीदिया कॉलेज के साथ छात्रसंघ के नेताओं ने शुरु की सहायता राशि एकत्रित करना

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 23 अगस्त. केरल में प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे लोगों के लिए सहायता राशि इकट्ठा करने वाले शहर के युवाओं की संख्या रोजाना बढ़ रही है.**

गुरुवार को भी हमीदिया कॉलेज के छात्रों के साथ ही एबीवीपी छात्रसंघ के सदस्यों ने भी सहायता राशि जुटाने का काम शुरु किया. पिछले दिनों भी राजधानी के विभिन्न कॉलेजों, स्कूलों के छात्र बाढ़ पीड़ितों के लिए अभियान शुरु कर चुके हैं.

शासकीय हमीदिया कॉलेज की

### गुरुवार को एकत्रित किए 7,700

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्यों ने गुरुवार को कुल 7700 रुपये सहायता राशि एकत्रित की. शुक्रवार को भी इस अभियान को जारी रखा जाएगा. कॉलेज के किसी छात्र ने अपनी पॉकेटमनी बाढ़ पीड़ितों के नाम कर दी तो किसी ने इस बार अपनी बर्थ डे पार्टी के पैसे सहायता राशि में दिए.

बरकतउल्ला विश्वविधालय के छात्रों ने भी गुरुवार को विश्वविधालय परिसर में केरल बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता राशि जुटाने का अभियान शुरु किया. इस दौरान विश्वविधालय के सभी कर्मचारियों और शिक्षकों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

*हमारा प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा सहायता राशि हम बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचा सकें. अभियान शुक्रवार को भी जारी रहेगा.*

***शुभम चौहान, राष्ट्रीय सेवा योजना***

*बरकतउल्ला विश्वविधालय में आज चलाए गए अभियान में सभी शिक्षकों और छात्रों ने योगदान दिया.*

***स्वप्रिल पटेल, एबीवीपी.***





# स्टूडेंट्स ने चलाया बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए धन संग्रह अभियान

सच प्रतिनिधि || भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तीन दिवसीय धन संग्रहण अभियान चलाया गया, जिसमें शिक्षकों के साथ छात्रों ने अपने- अपने स्तर पर सहयोग किया। पहले दिन किए गए धन संग्रहण में 7700 की राशि एकत्रित की गई तथा दूसरे दिन भी धन संग्रहण किया जाएगा। किसी छात्र ने एक दिन की पॉकेटमनी और किसी ने अपना जन्मदिन न मनाकर केरल के बाढ़ पीड़ितों के लिए सहयोग किया।समस्त राशि रासेयो के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा की जाएगी। प्राचार्य डॉ. पीके जैन, जिला संगठक डॉ. आरएस नरवरिया, शुभम चौहान, आशुतोष मालवीय, राहुल तिवारी, दानिश सहित स्वयसेवकों ने सहयोग किया।



# शिक्षा सेवियों ने जरूरतमंदों तक पहुंचाई राहत सामग्री

भोपाल ब्यूरो दैनिक जयहिंद न्यूज़. औधोगिक क्षेत्र भेल के दीनदयाल नगर में जरुरतमंद लोगों को शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों ने राहत सामग्री प्रदान की। शासकीय हमीदिया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके जैन, जिला संगठन डॉ. आरएस नरवरिया, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाइ कन्या महाविद्यालय में हिंदी के प्राध्यापक डॉ. सुधीर कुमार शर्मा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेखा बागड़े, उपासना भदौरिया,आरती पवार, प्राध्यापक समाजशास्त्र डॉ सुधीर शर्मा ने सहयोग कर सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर जन संगठन दृष्टि के निदेशक प्रिंस अभिषेक अज्ञानी, राजकुमार शिवम,मनोज चतुर्वेदी, भुवनेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा,जयप्रताप सिंह, दानिश खान उपस्थित रहे।



## सामाजिक सरोकार के साथ नववर्ष की शुरुआत

# हमीदिया महाविद्यालय द्वारा ग्राम बरखेड़ी अब्दुल्ला में गरम कपड़ों का वितरण

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा ग्राम बरखेड़ी अब्दुल्ला में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से नववर्ष के उपलक्ष्य में समाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए गर्म कपड़ों एवं कम्बल का वितरण किया गया, जिसमें 200 से अधिक जरुरतमंदों लोगों को सामग्री प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने कहा कि नववर्ष पर इससे सार्थक प्रयास नहीं हो सकता छात्रों के साथ शिक्षकों ने मिलकर यह पहल शुरू की। सरपंच भक्ति शर्मा ने कहा कि परोपकार की भावना से हमीदिया महाविद्यालय का कार्य सराहनीय है, जब उच्च शिक्षण संस्थानों के लोग गांवों में आते हैं, तो वह मिलकर वहां की वास्तविक परिस्थितियों से भी रूबरू होते हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पलता चौकसे, डॉ. प्रभा भट्ट, जिला संगठन डॉ. राजेन्द्र सिंह नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी शाक्य, डॉ. रचना मिश्रा, डॉ. रचना तेलंग, डॉ. सुष्मिता मिश्रा, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. जेके परमार, डॉ. प्रदीप वर्मा, डॉ. उषा शर्मा सहित शुभम चौहान, राहुल तिवारी, दानिश खान, सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जरुरतमंद बच्चों को इस अवसर पर स्वेटर, मफलर सहित अन्य सामग्री वितरित की, जिसमें बच्चों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे।

**Students are joined by teachers in distribution of relief material**:

Woolen clothes in village Barkhedi Abdulla

Food grains and other essentials in Deen Dayal Nagar, BHEL area

लोकदेश
भोपाल, रविवार 2 अप्रैल 2017

शिविर

## छात्रों ने श्मशान घाट की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



लोकदेश संवाददाता ■ भोपाल

एनएसएस जिला स्तरीय शिविर में 7 हिनौती सड़क में आए लगभग 200 छात्र- छात्राओं ने श्मशान घाट परिसर की सफाई की। छात्रों ने वहां के वृक्षों की कलात्मक छटाई कर उसे सुंदर बगीचे में परिवर्तित कर दिया। छात्र-छात्राओं द्वारा हर रोज तालाब गहरीकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नदी संरक्षण मतदाता जागरूकता, स्वच्छता अभियान जैसी एक नई थीम पर काम किया जा रहा है ताकि ग्रामीण उन सभी थीम और मुद्दों के प्रति जागरुक हो सके। ज्ञातव्य है कि कार्यक्रम शिविर संचालक डॉक्टर नरवरिया, आरपी शाक्य तथा कैंप कमांडर अतुल सिंह राजावत के नेतृत्व में किए जा रहे हैं। मुख्य भूमिका कुलदीप सिंह लोवंशी, हर्षा हासवानी , मोनिका कौरव, दीपक वैरागी, वेद मर्सकोले, नीलेश ठाकुर तथा नवाहत हसन की है। इस दौरान रात्रि में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मध्य प्रदेश के लोक नृत्य तथा लोक गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर आयुक्त आयकर मप्र और छग आरके पालीवाल, डॉ. विनीता सिंह चौधरी, डॉक्टर अल्पना त्रिवेदी, उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता हर्ष कल्याणे ने की तथा मुख्य अतिथि की भूमिका छात्रा वर्षा ने निभाई।

**Exemplary Cleaning Work by NSS Students**

April 2017

- Crematorium at Hinauti Sarak village is cleaned and a herbal garden developed during district-level camp by about 200 students of Hamidia College. They deepened the village pond spreading the message of waster conservation and also spoke on protection and education of girls.

# June 2016, June 2019 : Promotion of Higher Education, ‘*College Chalo Abhiyan*’ (Let’s Join College Campaign)

Village Acharpura, District Bhopal. Elders were informed about various scholarships and govt schemes that are available and reduce any financial burden on the parents. Students also advised people to shun the habit of smoking and chewing tobacco on No Tobacco Day.



८ निर्दलीय, भोपाल

भोपाल १ जून २०१६, डाक संस्करण २ जून २०१६

## हमीदिया महाविद्यालय की रा.से.यो. इकाई का शिविर

निर्दलीय प्रतिनिधि

भोपाल। शासकीय हमीदिया कला एवंवाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की रा.से.यो. इकाई द्वाराराजधानी के समीपस्थ ग्राम अचारपुरा में एक दिवसीय कॉलेज चलें अभियान शिविर लगाया गया। शिविर में स्कूली बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी.के. जैन ने करते हुये स्वयंसेवकों के दल को गांव के लिये रवाना होने हेतु हरी झंडी दिखायी। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी द्वारा डॉ. आर.एस. नरवरिया तथा डॉ. आर.पी. शाक्य ने किया।

अचारपुरा ग्राम में कार्यक्रम का संचालन रा.से.यो. इकाई के दल नायक गब्बर सिंह ने किया। उन्होने शिविर में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को व ग्रामवासियों को विद्यार्थियों हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे-गांव की बेटी योजना, प्रतिभाकिरण योजना, विक्रमादित्य नि:शुल्कशिक्षा योजना, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना इत्यादि की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने कहा कि हम गरीब हैं, बच्चों को कॉलेज कैसे भेजें, तो गब्बर सिंह ने बताया कि बच्चियों को कॉलेज भेजने पर शासन उनका किराया देता है।

कार्यक्रम में अतुल सिंह राजावत, राहुल तिवारी, सुशांत सिंगोरिया, जगमोहनविश्वकर्मा, अजय भारतीय अनूप, रंजीत सिंह गौर, कुलदीप सिंह लौवंशी इत्यादि छात्र स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही।

### तम्बाकू निषेध दिवस

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की रा.से.यो. इकाई द्वारा राजधानी के समीपस्थ ग्राम अचारपुरा में तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम किया गया। जिसमें उपस्थित स्वयंसेवकों ने बारी-बारी से तम्बाकू व अन्य नशीले पदार्थों स होने वाले नुकसान के प्रति ग्रामीणों को आगाह किया। उन्होने तम्बाकू में पाये जाने वाले विषैले तत्वों का शरीर के विभिन्न अंगो जिनमें, कान, आंख, मुंह, पाचनतंत्र मुख्य हैं पर होने वाले घातक परिणामों के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सरपंच श्रीबटनलालमारन ने बताया कि 6-7 वर्ष पहले वे भी तम्बाकू का सेवन किया करते थे जिससे उन्हेंनिरंतर खांसी होती थी।

अब उन्होने जब से तम्बाकू छोड़ा है तब से वे बिलकुल स्वस्थ हैं। उन्होने ग्रामीणों से अपील की कि वे तम्बाकू का आज से ही त्याग करें।

कार्यक्रम में वर्तमान में सरपंच श्री शेख बब्लू की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन गब्बर सिंह ने किया व इसमें विशेष भूमिका राहुल तिवारी, सुशांत सिंगोरिया, अनूप, जगमोहन विश्वकर्मा, अजय भारतीय व रंजीत गौर की रखी।



८ निर्दलीय, भोपाल

भोपाल/इंदौर

भोपाल २३ जून २०१९, डाक २४ जून २०१९

## शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास जरूरी-डॉ. जैन

### कॉलेज चलो अभियान और स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन का संयुक्त आयोजन

निर्दलीय संवाद

सीहोर। जिला के प्रमुख कस्बा बिलकिसगंज स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कॉलेज चलो अभियान विषय पर विद्यालयीन बच्चों के लिये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजधानी भोपाल स्थित मध्यप्रदेश के सुप्रतिष्ठित व प्राचीन उच्च शिक्षण संस्थान शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में यह समारोह संपन्न हुआ।

इस समागम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलकिसगंज ,स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, साईनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व संस्कार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुख्य रूप से [illegible] हुआ। मुख्य [illegible] महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रहलाद कुमार जैन थे। उन्होंने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत जारी छात्र कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आपने महाविद्यालयों में चल रहे पाठ्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी और बच्चों को उनके भविष्य में किये जाने वाले संभावित सार्थक सकारात्मक तथा भविष्य निर्माता कार्यों से अवगत कराया। आयोजन में रा.से.यो. जिला संगठक डॉ. राजेन्द्र सिंह नरवरिया ने छात्र और छात्राओं को पढ़ाई के साथ कई तरह की रचनात्मक गतिविधियों में जुड़ने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने जय जगत गीत का सामूहिक गायन कराते हुए भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में पांच विद्यालयों के 70 छात्र/छात्राओं के अलावा शिक्षकों ने भी सहभागिता की। समारोह में शा. हमीदिया महाविद्यालय के रा.से.यो.कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शाक्य और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलकिसगंज की प्राचार्य श्रीमती शशि सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया और उनका आभार व्यक्त किया। कैरियर प्रकोष्ठ अधिकारी श्री पाली ने इस गरिमापूर्ण आयोजन का संचालन किया। समारोह में हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल के छात्र संघ अध्यक्ष आसुतोष मालवीय सहित चुनिंदा वरिष्ठ छात्र भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

Village Bilkisganj, Dist. Sehore. Collaboration with Govt Higher Secondary School. Good education gives good personality. Principal Hamidia College and other speakers tried to answer queries of villagers and remove doubts

## **‘College Chale Abhiyan’**

Encouraging young students from schools for Higher Education 2016




































इस पर पिता जमदग्नि ने रेणुका को   महाभारत में श्रेष्ठ रही थी।   रिजूजी ने इंस्टाग्राम पर अपनी   जरुरतमंद लोगों को वितरित किए।

# कोरोना महामारी पर रंगोली, नारे से लोगों को जागरूक कर रहे रा.से.यो. स्वयंसेवक

निर्दलीय सवाद

भोपाल। कोरोना जैसी महामारी में जागरूकता लाने हेतु. आवाज , यूनिसेफ और राष्ट्रीय सेवा योजना की साझा पहल से मध्य प्रदेश के रासेयो स्वयंसेवको के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया जिसमें शा.हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको ने भाग लिया।

जिस परिस्तिथियों से संसार गुजर रहा उसके बीच लोगो की स्थिति क्या है इस बात को मध्यनजर रखते हुए हमीदिया महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने रंगोली,पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगो को जागरूक किया व अपने अपने क्षेत्र में जागरूकता फैलाई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कोविड-19 कोरोना जैसी बीमारी से किस तरह बचा जा सकता है अत: घर में रहकर लॉकडाउन का पालन करना,सावधानी रखना आदि।

स्वयंसेवकों ने अपने घर के बाहर रंगोली बनायी और पोस्टरों,स्लोगन को अपने घर के बाहर लगाया जिससे लोगों तक जागरूकता का संदेश भी पहुंचे, ये सब कार्य कर्यक्रम अधिकारी डॉ.आर. एस. नरवरिया और डॉ. आर.पी. शाक्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य भूमिका में दानिश खान,दीपक भत्रारे, राकेश पंडित,नीरज श्रीवास, फारूक,गिरीश कोरडे, भागीरथ प्रजापति, धनराज कुशवाहा,केशचंद ,गब्बर अहिरवार, सीताराम, शुभम आदि शामिल है।

**Helping Hand of NSS during COVID Lockdown** 2019

- In collaboration with MLB college, our students went out for food grains distribution in Deendayal Upadhyaya Colony, Ayodhya Nagar, among homeless and jobless labourers, handcart pullers and destitute giving instant relief to them in this trying time.

# Blood donation – where it is most needed

Hamidia College students responding to the call for blood donation at JLN Cancer Hospital. Special camp was organised by Jeevan Sarthak Social & Welfare Society Bhopal. For some young students this was the first such experience that made them feel blessed and gratified. Doners were subsequently honoured (2017)



कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए युवाओं ने किया रक्तदान

जवाहर लाल नेहरु कैंसर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज »भोपाल

जीवन सार्थक सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जवाहर लाल नेहरु कैंसर हॉस्पिटल में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य कैंसर पीड़ित मरीजों को सरलता से रक्त उपलब्ध कराना था। कैंसर हॉस्पिटल में 70-80 कैंसर के मरीज हैं, जिसमें से 15-20 बच्चे शामिल हैं। इसके लिए हॉस्पिटल को प्रतिदिन 15-20 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है। कैंसर मरीज को जब सेमोथैरेपी में 8-10 यूनिट ब्लड लग जाता है। इन मरीजों के लिए रोज ब्लड अधिक मात्रा में चाहिए होता है।

पहली बार कई युवाओं ने डोनेट किया ब्लड

शिविर में सर्वप्रथम रक्तदान का शिलशिला अध्यक्ष एडवोकेट शैलेजा दुबे व श्रुति सोनी द्वारा शुरु किया गया। इस शिविर में कई ऐसे युवा भी थे, जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया, जिनमें हर्ष कल्याणे, शशि भूषण आदि शामिल हैं। इसके बाद ऑर्गन डोनेशन जागरूकता पर डॉ. राकेश भार्गव ने अपना उद्बोधन दिया। वहीं टीम के सभी सदस्य अन्य युवाओं के साथ कैंसर पीड़ित से मिले उनके साथ समय बिताया। इस मौके पर कार्यक्रम में अस्पताल परिसर में मौजूद सभी लोगों ने हिस्सा लिया।

प्रतिदिन 20-25 यूनिट ब्लड की आवश्यकता

कैंसर के मरीजों के लिए अधिक मात्रा में ब्लड की जरूरत होती है, अभी हमारे पास 70 यूनिट ब्लड स्टॉक में मौजूद है। 18-20 यूनिट मरीजों के लिए प्रतिदिन चाहिए होता है, जो ब्लड कैंपों की मदद से ही संभव है।

डॉ.स्वाति जैन, ब्लड बैंक इंचार्ज, जवाहर लाल नेहरु कैंसर हॉस्पिटल

Students observed International Blood Donation Day



दैनिक भास्कर भोपाल, रविवार 27 मार्च, 2016 7

रक्तदान में सहयोग करने वाली संस्थाओं को किया सम्मानित

दैनिक भास्कर व हमीदिया ब्लड बैंक की ओर से सम्मान समारोह आयोजित

गांधी मेडिकल कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित (बाएं से) बीएस यादव, डॉ. शंकरलाल पाटीदार और अनुपम चौकसे।

सिटी रिपोर्टर |भोपाल

सालभर आयोजित होने वाले ब्लड डोनेशन कैंप में योगदान देने वाली 107 संस्थाओं को गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में सम्मानित किया गया। समारोह हमीदिया ब्लड बैंक और दैनिक भास्कर समूह की ओर से आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि भास्कर समूह के चेयरमैन रमेशचंद्र अग्रवाल, ब्लड बैंक प्रमुख डॉ. उमेंद्र मोहन शर्मा ने सभी संस्था प्रमुखों का सम्मान किया।

**इन्हें सम्मानः** आईईएस ग्रुप के चेयरमैन बीएस यादव, एलएनसीटी ग्रुप के सचिव अनुपम चौकसे और डॉ. अमितबोध उपाध्याय, सागर ग्रुप के राजवंत सिंह, सबधाणी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर आनंद सबधाणी, ट्रूबा ग्रुप के डायरेक्टर श्याम राठौर और मधुर शर्मा, एनआरआई ग्रुप के जगदीश राठी, एलआईसी के अखिलेश मौर्य, गायत्री परिवार के डॉ. शंकरलाल पाटीदार, कैम्पियन स्कूल के प्रिंसिपल फादर एके लकरा, बीना से गोल्डी अरोरा, कालापीपल से राकेश पाटीदार, सिंडिकेट बैंक से प्रकाश जैन, आर्ट ऑफ लिविंग से श्रुति चतुर्वेदी, संत निरंकारी मंडल से एचएस प्रजापति, केनरा बैंक के डिवीजन मैनेजर विनोद श्रीवास्तव, नाको के कंसल्टेंट डॉ. हरप्रीत सिंह, ब्लड बैंक एम्स के एचओडी डॉ. प्रतुल सिन्हा, एचडीएफसी बैंक के मैनेजर महेंद्र ठाकरे, योगाचार्य पवन गुरु, टीआईटी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. बालासुब्रमण्यम, हमीदिया कॉलेज के अतुल राजावत, आरके श्रीवास्तव, जनअभियान परिषद की प्रीति नागर, सशस्त्र सीमा बल के डॉ. जीके कामिल, रोटरेक्ट क्लब स्पा. के भूपेंद्र सिंह, एडवोकेट संतोष अग्रवाल, रोटेरियन सुनील जैन 501, वीके श्रीवास्तव, विकास अग्रवाल, जनवंत दागी वेलफेयर सोसायटी के ऋषभ चौहान, एनसीसी, एनएसएस और अन्य सामाजिक संस्थाएं।



पीपुल्स समाचार भोपाल, बुधवार 30 मार्च 201

हमीदिया कॉलेज के स्वयं सेवकों ने किया रक्तदान

कॉलेज, रेड रिबन क्लब का आयोजन

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

शासकीय हमीदिया कला-वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालय के 28, बेनजीर महाविद्यालय के 12 स्वयं सेवकों ने रक्तदान किया। सांसद आलोक संजर एवं विधायक सुरेन्द्रनाथ सिंह, डॉ. आरके विजय (पूर्व रासेयो राज्य संपर्क अधिकारी) सहित प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ. आरपी शाक्य एवं वरिष्ठ स्वयं सेवक अतुल सिंह राजावत, शुभम चौहान, कुलदीप, गब्बर सिंह, अंकुर, संतोष तात्या, पंकज शाक्या ने रक्तदान किया।



भोपाल ॥ रविवार 14 जून 2020

सिटी सर्चिंग

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वंयसेवक दानिश खान ने किया ब्लड डोनेट

भोपाल। आओ युवा है आह्वान, मिलकर सभी करें रक्तदान, दें दूजों को जीवनदान, है भाइचारे का वरदान इसी संदेश के साथ विश्व रक्तदिवस के अवसर पर हमीदिया महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक दानिश खान ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि हम रक्तदान करके किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। अपनी जिंदगी में कई बार रक्तदान किया और लोगों को प्रेरित करके रक्तदान भी करवाया है। आगे बताया कि रक्तदान दिवस के बाद भी जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से रक्तदान करें। यदि हम स्वस्थ्य हैं और ब्लड डोनट करने की स्थित में हैं तो जरूर रक्तदान करें। क्योंकि हमारे ब्लड डोनेट से किसी की जिंदगी बच सकती है।

अवंतिका क्लब परिसर

**World Cancer Day 05/02/2017**

- In Collaboration with experts from MP Medical Association & Chirayu Hospital. Students showed great interest in knowing about symptoms, cure, treatment and precautions

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस
ग्वालियर, रविवार 05 फरवरी 2017 8

## कैंसर से बचाव के लिये शुरूवाती लक्षणों के प्रति सतर्क रहें: साहू



**संवाददाता, भोपाल |**

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महा विद्यालय में शनिवार को ''विश्व कैंसर दिवस''मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ललित श्रीवास्तव नेत्र विशेषज्ञ एवं संरक्षक म.प्र. मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन एवं कैंसर विशेषज्ञ डॉ. टी.पी. साहू चिराय ु मेडिकल हॉस्पिटल मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थितहुये। यह कार्यक्रम वाईस ऑफ टूबेको विकटिम एवं म.प्र. मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन एवंराष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से आयोजित किया गया। महाविद्यालय के छात्रों ने जिज्ञासा भरे प्रश्न पूछ्कर जागरूकत कापरिचय दिया। कार्यक्रम का संचालनडॉ. सोना शुक्ला ने किया एवं स्वागत उदबोधन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. आर.एस. नरवरिया, डॉ. भावना भदौरिया सहित प्राध्यापकगण एवं शुभम चौहान, राहुल तिवारी, अतुल सिंह राजावत, मीडिया प्रभारी राजीव त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में छात्र गण उपस्थित रहे।

**New Year: Celebration with social responsibility**
Jan 2019

Students and faculty members distribute woolen clothes, blankets, caps etc. to the poor in the adopted village Hinauti Sarak on NY Day. Medical professionals from Kamla Nehru Hospital also joined and spoke with villagers on precautions needed during winter season.

हरिभूमि
भोपाल भूमि
भोपाल, गुरुवार 2 जनवरी 2020



**सर्द हवाओं के बीच कंबल पाकर खुश हुए ग्रामीण**

नववर्ष 2020 के पहले दिन शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्राध्यापकों के साथ मिलकर गोद लिए गए ग्राम हिनौती पहुंचकर वहां गरीब वर्ग के लोगों को कंबल, चादर और गर्म कपड़ों का निशुल्क वितरण किया गया। ग्राम पंचायत प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों को प्राचार्य डॉ. पीके जैन, ग्राम सरपंच हेमंत नागर की मौजूदगी में कंबल-चादरों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला संगठक डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ. शरद तिवारी, भावना भदोरिया, डॉ विनीता चौधरी, डॉ एचआर रैदास, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. रजनी गुप्ता मौजूद थे।

**मासूमों के साथ ली सेल्फी देती रहेगी हमेशा सुकून**



यह कहना था दिव्य जीवन संस्था के युवाओं का, यह युवा जिनमें बड़ी संख्या में कॉलेज छात्र-छात्राएं शामिल थे, साल के पहले दिन कमला नेहरू बाल चिकित्सालय पहुंचे थे, यहां इन लोगों ने जनरल वार्डों के साथ ही कैंसर पीड़ित बच्चों को नए कपड़े, खिलौने, बिस्किट और फलों का वितरण कर उनके साथ जमकर मस्ती की। युवाओं ने बच्चों के साथ सेल्फी लेना, कविताएं सुनाना, सहित कई तरह के इवेंट इस दौरान किए। संस्था प्रभारी डॉ. संस्कार सोनी और डॉ. दिव्या भरथरे ने बताया कि जहां 31 दिसंबर से ही नववर्ष सेलीब्रेशन का दौर प्रारंभ हो जाता है, वहीं पीड़ित बच्चे और उनके परिजन अस्पताल में होने के कारण इस खुशी से वंचित रह जाते हैं, हमारा प्रयास था कि हम ऐसे ही बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें नववर्ष के पहले दिन खुशी के कुछ पल दे सकें। हमारे इस प्रयास में कमला नेहरू अस्पताल के चिकित्सकों ने भी सहयोग किया।

## District Youth Parliament with a difference

January 2019

Organised in the college campus, it saw about 80 students from several colleges of Bhopal. Terrorism, climate change, financial crimes, *Khelo India* and need to encourage budding sportspersons were some of the key themes that drew students' comments and presentations. Chief Income Tax Commissioner graced the occasion as Chief Guest.

city भास्कर
दैनिक भास्कर
BHOPAL, TUESDAY, 29/01/2019 . 18
सिटी

हमीदिया कॉलेज में जिला युवा संसद का आयोजन, स्टूडेंट्स ने रखे विचार

### आतंकवादियों में संवेदनाएं नहीं होतीं, पैरवी में मदद न करें

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में सोमवार को जिला युवा संसद-2019 का आयोजन किया गया है, जिसमें भोपाल के अलग-अलग कॉलेज से 80 स्टूडेंट्स ने सहभागिता की। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की संगठन व्यवस्था में सरकार द्वारा निर्धारित विषय 'भारत का वैश्विक स्तर पर आतंकवाद', जलवायु परिवर्तन और आर्थिक अपराधियों के खिलाफ आख्यान, खेलो इंडिया, उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए एक द्वार विषय पर 2 से 3 मिनट में अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. आरके पालीवाल, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. आरके विजय के साथ राहुल सिंह परिहार उपस्थित रहे।





#### सभी राष्ट्र आतंकवाद के खिलाफ खड़े हों

पहले स्थान पर आए प्रतिभागी सुनील कुमार साहू ने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है, यह तब तक समाप्त नहीं होगी जब तक सभी राष्ट्र एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़े नहीं होंगे। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार इस बात पर विचार करे कि आतंकवादी मानव नहीं दानव होते हैं, उनमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं, इसलिए आतंकवादियों की पैरवी में बिल्कुल मदद न करें।

#### खेलो इंडिया से लड़कियों को मिल रहा प्रोत्साहन

आशुतोष मालवीय ने कहा कि खेलो इंडिया के माध्यम से बच्चों में खेल भावना विकसित होगी और जो लड़की या बेटी खेल के मैदान में प्रतिद्वंदी को चित्त कर सकती है, वह वक्त पड़ने पर मनचले को भी पछाड़ सकती है। भवानी प्रताप ने कहा कि जलवायु परिवर्तन होने से इंसानों के साथ भौगोलिक परिवर्तन व जीव जंतुओं पर भी इसका असर पड़ रहा है।

#### विजेता राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

दो दिनों तक चलने वाली इस युवा संसद में जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पांच वक्ताओं का चयन होगा। इस कॉम्पिटीशन में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेंगे और इस कॉम्पिटीशन के विजेता प्रतिभागी राजधानी नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्र स्तरीय युवा संसद में सहभागिता करेंगे।

**Lecture on Health Awareness**

- Mottos like - ‘Healthy individual, healthy society’ and ‘Health is wealth’ are ingrained in the college culture. Dr BS Ohri Rtd. Jt Director Health, Govt of MP invited students’ queries on some of the common issues related to self hygiene and general health during a special lecture for the benefit of students. They carry these tips in various camps for further dissemination among villagers.



# Collaboration with Rotary Club on Humanitarian Cause

## 05/08/2019

College students volunteered in 'Uptown' scheme in identification of the needy and giving help in distribution of artificial limbs





भोपाल ५ अगस्त २०१९ ,डाक ६ अगस्त २०१९

# रोटरी क्लब में दिव्यांगों को निशुल्क प्रदान किए गए कृत्रिम हाथ

## हमीदिया महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों ने थामी व्यवस्था

निर्दलीय संवाद

**भोपाल।** वाण गंगा स्थित रोटरी क्लब में चयनित चुनिंदा दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ मुक्त प्रदान किए गए। रोटरी क्लब ऑफ इंदौर अपटाऊन ने यह आयोजन रख था। संस्था विगत कई वर्षों से मानवता की सेवा के कई प्रकल्प संपन्न करती आ रही है। इस सत्र २०१९-२० में भी अपटाउन नामक योजना से जुड़कर कृत्रिम हाथ मुफ्त प्रदाय किए गये। उक्त अवसर पर हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको ने परोपकारी इंसान के रुप में कृत्रिम लोगो की मदद कर मुख्य भूमिका निभाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.प्रहलाद कुमार जैन ने स्वयंसेवको को निस्वार्थ भाव से करने वाली सेवा के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रा से यो जिला संगठक डॉ राजेंद्र सिंह नरवरिया, कार्यक्रम अधिकारी चतुर्वेदी मौजूद रहे। समूह का नेतृत्व दल नायक दानिश खान ने किया। गणेश तिलगाम,अमित मालवीय,जितेन्द्र, आदित्य तिवारी, नवीन यादव,लक्की पंथी, राकेश, कालूराम,वैभव,कौशिक,नीरज,निति न सिंह,आकाश,संजय,फैड,आदित्य कविया,सुनील,अमित अठीया व सचिन आदि स्वयंसेवको ने पूरी निष्ठा के साथ अपना कार्य किया। रोटरी क्लब ने उन्हें प्रमाण पत्र व



**Collaborative Program on Financial Literacy, with Reserve Bank of India**

Addl. Gen Manager RBI Shri Vikram Goel explained to the students the need and benefits of acquiring basic knowledge of economics and finance that has become so essential in today's digital world

# बैंक को जल्द सूचित कर बड़ी हानि से बचा जा सकता है

## हमीदिया कॉलेज में वित्तीय साक्षरता पर बोले वक्ता

सिटी रिपोर्टर . भोपाल



शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से वित्तीय साक्षरता संगोष्ठी और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि आरबीआई के अतिरिक्त महाप्रबंधक विक्रम गोयल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। यहां उन्होंने कहा कि आज के समय में लोगों का वित्तीय साक्षर होना अनिवार्य है। डिजिटल लेन-देन में बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है।

**पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता**

- प्रथम- उत्कर्ष एवं सुभाष
- द्वितीय- करण सिंह
- तृतीय- श्यामसुंदर पटेल

गड़बड़ी होने पर नियत समय में बैंक को सूचित करने पर बड़ी हानि होने से बचा जा सकता है। वहीं कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. पीके जैन ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग एवं कैशलेस को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वहीं संगोष्ठी के दूसरे क्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने डिजिटल ट्रांजेक्शन के बढ़ते कदम और इस दौरान बरतने वाली सावधानियों से जुड़े पोस्टर तैयार किए।

### हमीदिया कॉलेज में साक्षरता संगोष्ठी और प्रतियोगिता

# आज के समय में वित्तीय साक्षरता आवश्यक: गोयल



सत्ता सुधार | भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रिजर्व बैंक आफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता संगोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अतिरिक्त महाप्रबंधक आरबीआई विक्रम गोयल रहें। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने की। अतिरिक्त महाप्रबंधक विक्रम गोयल ने कहा कि आज के समय में लोगों को वित्तीय साक्षर होना अनिवार्य है क्योंकि डिजिटल लेन-देन में बरतने वाली

**प्रतियोगिता के विजेता**

**प्रथम**- उत्कर्ष एवं सुभाष
**द्वितीय**- करण सिंह
**तृतीय**- श्यामसुंदर पटेल

सावधानियों के प्रति लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है, गड़बड़ी होने पर नियत समय में बैंक को सूचित करने पर बड़ी हानि होने से बचा जा सकता है और इस कार्य में अवेयरनेस के लिए एनएसएस वालंटियर्स की भूमिका अहम है। उन्होंने अंत में बैंकिंग लोकपाल, नोटों की विशेषताएं, कटे-फटे नोट बदलने के नियम और कैशलेश लेन-देन की जानकारी प्रदान की। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने कहा कि महाविद्यालय में डिजिटल बैंकिंग एवं कैशलेस को बढ़ावा देने के लिए समय समय पर विभिन्न गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही है। साथ ही विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डॉ. प्रभा भट्ट, डॉ. पुष्पलता चौकसे, डॉ. मीता वर्मा ने युवाओं को संबोधित किया। स्वागत उद्बोधन जिला संगठक डॉ. आरएस नरवरिया ने दिया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. आरपी शाक्य, शुभम चौहान, आशुतोष मालवीय सहित छात्र उपस्थित रहे।




4/11/2015

Students working on 'clean the college campus' mission



14-15 हरिभूमि भोपाल | भोपाल, मंगलवार, 12 जुलाई 2016

शासकीय हमीदिया महाविद्यालय

## नाटक से दिया सामाजिक संदेश

हरिभूमि न्यूज, भोपाल

राष्ट्रीय सेवा योजना, शासकीय हमीदिया महाविद्यालय द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिसमें महाविद्यालय के स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण तक रैली तथा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। जिसमें जनसंख्या से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए और समाज को संदेश भी दिए गए। रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. पीके जैन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरएस नरवरिया तथा वरिष्ठ स्वयं सेवक अनुश्री हेराल्ड ने किया। रैली के समापन अवसर पर भूगोल प्राध्यापक डॉ. अल्पना त्रिवेदी एवं डॉ. विनिता सिंह चौधरी तथा वरिष्ठ स्वयं सेवक शुभम चौहान ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेवक गब्बर सिंह द्वारा किया गया।

# World Population Day 2016

- Through poster making, rally and street play, Hamidia students draw attention of people towards increasing population and limited physical resources, a cause of worry!

# NSS Students – multiple roles, varied responsibilities


भोपाल, मंगलवार 19 फरवरी 2019

हरिभूमि 14 15

## युवाओं के होते रक्त की कमी से किसी का मरना कलंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

◆ हमीदिया कॉलेज में बौद्धिक सत्र एवं नेत्र परीक्षण शिविर

समाज की पीड़ा दूर करने का कार्य व समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने एनएसएस को युवाओं की जरूरत है। अगर हम जैसे युवाओं के होते हुए रक्त की कमी से मृत्यु होती है तो यह हमारे लिए कलंक है। हम अधिक से अधिक रक्त दान करें। यह कहना है डॉ. अनंत कुमार सक्सेना का, जो सोमवार को हमीदिया कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं बौद्धिक सत्र में बतौर समन्वयक मौजूद रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह परिहार, प्राचार्य डॉ. पीके जैन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**एनएसएस गांव की पगडंडी से निकालकर कराता है राष्ट्रपति भवन की यात्रा:** राहुल परिहार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप से गांवों में जाकर लोगों की पीड़ा से अवगत होते हैं। गांव की पगडंडियों से निकालकर राष्ट्रपति भवन तक की यात्रा भी एनएसएस कराता है।

Volunteer for blood donation
Arrange blood doners when needed
Arrange free heath check up camps
Arrange free eye check up camps
Attend session on intellectual debate
Adopt villages for social work
Advise villagers on govt schemes


DB POST

BHOPAL THURSDAY | CITY PLUS | 25 JANUARY | 2018

AT A WEEK-LONG CAMP HELD BY HAMIDIA COLLEGE...

## NSS team to revamp Achaarpura

DB Post Correspondent

**Bhopal:** The NSS unit of Hamidia Arts and Commerce College inaugarated a one-week camp on Wednesday. Berasia MLA Bishnu Khatri was present as a chief guest and IAS Shashi Bhushan was the main speaker of the event. The camp started at Achaarpura village, where 80 NSS candidates with team leader Gabbar Singh will do a lot of work under the guidance of their programme officer, Dr RP Shakya. During the inaugaration, chief guest Khatri said in his address that NSS candidates played an important role in the development of villages.

### 'Be ready for a hard struggle'

*'If you want to succeed in something in life, you must struggle a lot to get it. Getting success isn't easy & neither is there any shortcut available for achieving it'*
*-Shashi Bhushan Singh, IAS*


BHOPAL TUESDAY 19/02/2019 { 14

पत्रिका PLUS CITY

शासकीय हमीदिया महाविद्यालय की ओर से विशेष शिविर का आयोजन

## समुदाय को आपस में जोड़ने का काम करता है एनएसएस

भोपाल ◆ राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय हमीदिया महाविद्यालय द्वारा चल रहे विशेष शिविर में सोमवार को निःशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर एवं बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह परिहार ने कहा कि समुदाय में व समुदाय के बीच में रहकर कार्य कैसे किया जाता है? अगर यह सीखना है तो हर छात्र को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप व रेगूलर एक्टिविटी के माध्यम से गांवों में जाकर वहां के लोगों के साथ संवाद स्थापित करना और उनकी पीड़ा, उनके दर्द में सहभागी बनकर मानवीय मूल्यों से अवगत होते हैं। टीम भावना के रूप में काम करने का एक जज्बा, स्वअनुशासन, सर्वधर्म समभाव, जात-पात से ऊपर उठकर एक साथ - एक स्थान पर रहकर सेवा करने का काम एनएसएस वालटियर्स करते हैं जो समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि गांव की पगडंडियों से निकलकर राष्ट्रपति भवन तक की यात्रा भी राष्ट्रीय सेवा योजना कराता है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अनंत कुमार सक्सेना ने कहा कि समाज की पीड़ा को दूर करने का कार्य व समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए एनएसएस की युवाओं की आवश्यकता है अगर हम जैसे युवाओं के होते हुए रक्त की कमी से मृत्यु होती है तो हमारे लिए कलंक है हम अधिक से अधिक रक्तदान करें जिससे पीड़ित मानवता की सेवा हो सके। नेत्र परिक्षण शिविर में गांव के 155 लोगों ने नेत्र परिक्षण सेवा सदन नित्र चिकित्सालय के सहयोग से कराया।


8 भोपाल, गुरूवार, 25 जनवरी, 2018

नवभारत

## संघर्ष और संयम से मिलती है सफलता : शशि भूषण

नवभारत न्यूज

भोपाल, 24 जनवरी. शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है. जिसके उदघाटन अवसर पर विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के

### एनएसएस का सात दिवसीय शिविर हुआ प्रारंभ

विकास में एनएसएस के स्वय सेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण है.

कार्यक्रम में प्राचार्य पी के जैन, शिविर नायक गब्बर सिंह, अतुल